# चित्रकूट-पुलिस

(1). आज दिनांक 02.10.2025 को चित्रकूट पुलिस द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर राष्ट्रगान गाया तथा बापू जी का प्रिय गीत रामधुन बजायी गयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा, "महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया वह भारत के ही नही पूरी दुनिया के मसीहा है। गांधी जी के आधी धोती पहनने व ओढने के पीछे एक मार्मिक कथा है, जब व्यक्ति के अन्दर यह संवेदना हो जिस संवेदना से मोहन दास करमचंद गांधी, महात्मा गांधी बन गये तो फिर उसे जीवन मे कही किसी से किसी तरह के आदेश की निर्देश की किसी विशेष तरह के प्रयास की जरुरत नही पड़ती है। बिहार की वह घटना जहां भारतीय समाज में महिलाओं की यह स्थिति थी कि उनके पास दो कपड़े नही थे कि वह धो सके और सुखा सके आधे कपडें से अपनी मर्यादा का आवरण करते हुये आधे कपडें धुल कर सुखा रही थी वैसे तो किसी ऐसे व्यक्ति के लिये जिसके अन्दर संवेदना न हो यह सामान्य सी घटना है लेकिन जिसके अन्दर संवेदना हो उसके लिये बहुत बडी घटना है और उसी के रुप में आप देखते है कि महात्मा गांधी जी को जिस वेश मे हमने आपने देखा है जिस वेश में हम और आप अपने दिमाग में उनकी इमेज बना चुके है जिस वेश में चित्रकार उनके चित्र उकेरते है वह विहार की उसी घटना का युगों युगो तक कहीं न कहीं सजीव चित्रण है वह ऐसे ही नही मसीहा हो गये ऐसे ही नही राष्टपिता हो गये राष्टपिता बनने के रास्ते में कितनी ठोकरे खायी कोई पत्थर ऐसे ही शिवलिंग नही बन जाता ऐसे ही नही पूजा जाता है उस पूजा प्राप्त करने का जो उस शिवलिंग को आर्शीवाद प्राप्त हो जाता है उससे पहले की यात्रा जब हम उसे जानने लगते है उसे पढने लगते है उसका चित्रण मन में करने लगते है तो अपने आप हमारे अन्दर बहुत बडा परिवर्तन हो जाता है। इसी तरह की यात्रा गांधी जी की है तब वह राष्टपिता बने ।ठीक उसी तरह की यात्रा भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की है , शास्त्री जी बडें सामान्य परिवार में पैदा हुये थे उनके पास नाविक का किराया देने तक का पैसा नही था नदी पार करके जाना स्कूल जाना पड़ा लेकिन उनकी दृड इच्छा शक्ति थी कि स्कूल समय से पहुंचना है अनुपस्थित नही होना है उसी इच्छा शक्ति के नाते वह इस देश की सत्ता के शिखर पर विराजमान हुये ।आज हम देश की दो महान विभूतियों की जयंती मना रहे है तो हमारे अन्दर भी वह चिंतन मनन का भाव आना चाहिये हमें चिंतन मनन करना चाहियें। इन तस्वीरों से हमें जो उर्जा मिलती है उस उर्जा के हम कितना अपने अन्दर आत्मसार करते है। पुलिस अक्षीक्षक चित्रकूट द्वारा बताया गया कि गांधी जी को ब्रिटेन में एक कान्फ्रेंस में जाना था जिसका ड्रेस कोड निर्धारित था लेकिन महात्मा गांधी जी अपने उसी स्वरुप में धोती आधी पहने व आधी ओढे हुये पहुंच गये वहां पर मौजूद ऑफिसर्स द्वारा टोका गया कि ड्रेस कोड के आलावा अन्य किसी ड्रेस मे प्रतिभाग नही कर सकते है गांधी जी अपनी धुन के पक्के थे अंतत: वायसराय को उनके आगे झुगना पड़ा और कहा कि गांधी जी जैसे भी आय़े है वह शिरकत करेंगे उनकी भी यह इच्छा थी की देंखे यह कौन सा फकीर है जो ब्रिटिश हुकुमत को हिलाकर रखा है। जब गांधी जी पहुंचे तो वायसराय द्वारा वयंग्य में कहा गया कि आपके कपडे कहां है तब गांधी जी ने जो जबाव दिया कि हुजुर मेरे क्या हम सारे हिन्दुस्तानियों के कपड़े तो आपने चुरा लिये है फिर हम इस वेष के अलावा कैसे आ सकते है। उस दृढ इच्छा शक्ति के साथ हम हिन्दुस्तानियों के साथ जो ज्यादिती हो रही थी उसका जीता जागता चित्रण पेश किया सिर्फ चित्रण ही पेश नही किया बल्कि उसको आत्मसाथ कर लिया उस आत्मसाथ करने

के ही कारण वह बल था जो सत्ता की इतनी बडी हैसियत जिसके सामने सीना तानकर गांधी जी ने जबाव दिया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों से अपील की कि वे महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शों का पालन करें। उन्होंने कहा, "इन महान नेताओं के आदर्श हमारे लिए आज भी प्रासंगिक हैं। पुलिसकर्मियों को भी सत्यनिष्ठा, अनुशासन, और सेवा भावना के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान की प्रेरणा महात्मा गांधी जी के जीवन से लेना बताया गया, सभी को अपने आस-पास स्वच्छता रखने हेतु बताया गया तथा यह भी बताया गया कि सामाजिक एवं आधुनिक जीवन में महात्मा गांधी जी के सामाजिक मूल्यों व आदर्शों को आत्मसाथ कर एक अच्छे एवं जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वाहन करना चाहिए एवं भारत के विकास में अपना योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा यूपी आपात 112 अन्तर्गत नियुक्त कर्मी 1. कमाण्डर श्री चंद्रेश कुमार यादव, पायलट श्री विनय कुमार मिश्रा पीआरवी 4430 को निरंतर अथक परिश्रम एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन करते हुये आत्महत्या का प्रयास कर नागरिकों की जान बचाने के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत पुलिस विभाग में कार्यरत चतुर्थ क्लास सफाईकर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुये उन्हें कम्बल एवं मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर/ लाइन्स श्री अरविन्द वर्मा, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक श्री रामशीष यादव, प्रभारी आरटीसी श्री प्रदीप कुमार अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस अधि0/कर्मचारियों के साथ दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।

सर्किल मुख्यालय पर समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर किया गया माल्यार्पण सभी थानों व चौकियों में प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी/चौकीप्रभारी द्वारा दोनों महापुरुषों को चित्रों पर किया गया माल्यार्पण*

2. पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस द्वारा 06 अभियुक्तों को कुल 193 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

(1). चौकी प्रभारी रंगौली श्री विवेक कुमार सिंह मय हमराही आरक्षी शुभम शर्मा, आरक्षी संजय पाल, आरक्षी जयनारायण पटैरिया द्वारा अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी कंधईपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को एक झोले में 23 क्वार्टर देशी शराब नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया।

(2). उ0नि0 श्री दिनेश कुमार पाण्डेय थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट मय हमराह आरक्षी हेमन्त आर्य,आरक्षी राघवेन्द्र राजपूत द्वारा अभियुक्त रमेश पटेल पुत्र कुवंर बहादुर निवासी बोड़ी पोखरी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को एक झोले में 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रैपुरा में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया।

**(3). उ0नि0 श्री इमरान खान थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट मय हमराह आरक्षी शुभम मिश्रा द्वारा अभियुक्त दीपक सोनकर पुत्र स्व0 मनोज सोनकर निवासी हनुमानगंज कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को एक झोले में 20 क्वार्टर देशी शराब एवं अभियुक्त सुनील सोनकर पुत्र होरीलाल सोनकर निवासी कारखाना मोहल्ला कस्बा व थाना राजापुर को एक बोरी में 60 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया।**

**(4). उ0नि0 श्री वंशनारायण सिहं थाना मऊ जनपद चित्रकूट मय हमराह आरक्षी शुभम त्रिपाठी द्वारा अभियुक्त कल्लू निषाद पुत्र कंधई निषाद निवासी बरम बाबा का पुरवा मजरा भंवई कलां थाना मऊ जनपद चित्रकूट को एक झोले में 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया।**

**(5). उ0नि0 श्री वंशनारायण सिहं थाना मऊ जनपद चित्रकूट मय हमराह मुख्य आरक्षी बृजेन्द्र कुमार, आरक्षी सोनपाल द्वारा अभियुक्त नवनीत कुमार पाण्डेय पुत्र विष्णुदयाल पाण्डेय निवासी ग्राम अहिरी थाना मऊ जनपद चित्रकूट को एक झोले में 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया।**

**3. आज दिनांक 02.10.2025 दिन गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत हरिमोहन सिंह इंटर कॉलेज, बछरन, थाना–पहाड़ी, जनपद चित्रकूट की छात्रा सुश्री कोमल साहू पुत्री श्री अखिलेश प्रसाद साहू, निवासी ग्राम व पोस्ट नांदी थाना पहाड़ी, चित्रकूट को एक दिन के लिए 'क्षेत्राधिकारी राजापुर' बनाया गया। इस दौरान सुश्री कोमल को क्षेत्राधिकारी कार्यालय की संपूर्ण कार्य प्रणाली, अपराध पर्यवेक्षण, जांच, अनुशासन व उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत आदेशों–निर्देशों के अक्षरशः अनुपालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी राजापुर सुश्री कोमल साहू द्वारा सर्कल के सभी थानों को विशेषकर महिलाओं एवं बालक/बालिकाओं व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के विरुद्ध अपराध कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध सख्त से सख्त विधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही साथ महिला एवं बाल कल्याण संबधी उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस विभाग की समस्त योजनाओं तथा रानी लक्ष्मीबाई योजना, कन्या सुमंगला योजना एवं हेल्पलाइन नंबरों यथा 1090, 181 व 1098 आदि के बारे में विस्तृत प्रचार प्रसार हेतु निर्देशित किया गया।**

**4. आज दिनांक 02.10.2025 दिन गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत हरिमोहन सिंह इंटर कॉलेज बछरन पहाड़ी चित्रकूट की कक्षा -10 की छात्रा कुमारी अंजली मिश्रा पुत्री इंद्रपाल मिश्रा उम्र करीब 16 वर्ष निवासी जमहिल थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को एक दिन के लिए थानाध्यक्ष पहाड़ी बनाया गया यह पहल महिलाओं और बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से की गई।थानाध्यक्ष पहाड़ी श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।**

कार्यभार संभालने के बाद, प्रभारी अंजली मिश्रा ने थाना परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन, डायल 112, 1090 वीमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम और 181 महिला हेल्प डेस्क जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं की जानकारी ली।उन्होंने महिला सुरक्षा से संबंधित शिकायतों को सुना और त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये।
कार्यक्रम में थाना प्रभारी श्रीमती अनुपमा तिवारी, मुख्य आरक्षी प्रेमनारायण, सीसीटीएनएस आरक्षी अनुज ,महिला आरक्षी सीमा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।एक दिवसीय प्रभारी अंजली मिश्रा ने अपने अनुभव को प्रेरणादायक बताया।
उन्होंने कहा कि इस अभियान ने यह सिखाया कि महिलाएं यदि दृढ़ निश्चय कर लें, तो वे हर क्षेत्र में नेतृत्व कर सकती हैं। इस आयोजन से बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें समाज में अपनी भूमिका सशक्त रूप से निभाने की प्रेरणा मिली।

**5. पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चित्रकूट पुलिस द्वारा कुल 12 अभियुक्तों को जुला खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।**

(1).प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री हरीशंकर राम चौकी सीतापुर मय हमराह आरक्षी जयप्रकाश,आरक्षी नागेश कुमार,आरक्षी लल्लू प्रसाद, आरक्षी रविशंकर ,आरक्षी रविन्द्र कुमार,आरक्षी अनुज यादव द्वारा अभियुक्त 1.राजकरन पुत्र नोखेलाल 2.अखिलेश पुत्र सुखलाल 3.रघुराज पुत्र राममिलन 4.राजेश पुत्र जगदीश 5.चुन्नू सोनकर पुत्र भईयालाल 6. रमेश सोनकर पुत्र भगवान दास निवासीगण चमरौडी मोहल्ला राघवपुरी चौकी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से माल फड 1200 रु0 व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 800/- रुपये बरामद किये गये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

(2). थानाध्यक्ष राजापुर श्री पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री इमरान खान हमराह आरक्षी अमित द्विवेदी ,आरक्षी अजय मिश्रा,आरक्षी शुभम मिश्रा द्वारा अभियुक्त 1.विनोद सोनकर पुत्र प्रेमसोनकर निवासी काशीनगर 2.सुनील कुमार पुत्र पुत्तीलाल निवासी गोस्वामी नगर 3.रुकेन्द्र कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी छीबो मोंड 4.रमेश निषाद पुत्र छोटा निषाद 5. रामनिषाद पुत्र बृजभूषण निषाद निवासी कनकोटा 6. रज्जू पुत्र ननकू निवासी काशीनगर कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से माल फड 3520 रु0 व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से कुल 1010/- रुपये बरामद किये गये। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

6.
प्रेस नोट- चित्रकूट पुलिस
दिनांक-02.10.2025
"मिशन शक्ति फेज- 5.0" महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की नई दिशा"

**“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5”**

**“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।**

**इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-**

**1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।**

**2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।**

**3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।**

**महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ**

**1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन**

**1090 – वीमेन पावर लाइन**

**181 – वीमेन हेल्पलाइन**

**112 – पुलिस आपातकालीन सेवा**

**102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस**

**108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा**

**1098 – चाइल्ड लाइन**

**101 – अग्निशमन सेवा**

**1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।**

**इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग**

**कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।**